Bareilly Thursday
6 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. : IV BOTTOM

एसआरएमएस ने फाइनल मैच के लिए बनाई जगह

आर्मी मस्टैलियन के प्लेयर्स से भिड़ेगी टीम

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (5 April): श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन बुधवार को गंगाशील को हरा कर ओएसिस और एयरफोर्स को हराकर अल्मा मातेर ने अपने अपने लीग मैच जीते. इसके बाद भी ये दोनों टीमें फाइनल में स्थान नहीं बना पाईं. लीग मैच में अपने तीनों मैच जीतने और सबसे अच्छा रन रेट 3.803 होने से ग्रुप ए से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने फाइनल में स्थान पक्का किया.

ऋषि मैन ऑफ द मैच

सात अप्रैल को दोनों टीमों के बीच सुबह नौ बजे फाइनल मैच आयोजित किया जाएगा. श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन बुधवार को पहला मैच गंगाशील क्रिकेट एकेडमी और ओएसिस क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया. गंगाशील ने टॉस जीत कर पहले खेलने का फैसला किया. उसके खिलाड़ियों ने आठ विकेट के नुकसान पर बीस ओवर में 112 रन बनाए. गंगाशील की ओर से नीरज (54 रन, 49 गेंद), अभिषेक (13 रन, 10 गेंद), राघवेंद्र (10 रन, 14 गेंद) ही दहाई के अंक तक पहुंचे. जवाब में ओएससस ने पांच विकेट शेष रहते 16.1 ओवर में मैच अपने नाम किया. इस मैच में विपिन कुमार मैन आफ द मैच रहे. दूसरा मैच अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी और एयरफोर्स के बीच खेला गया. इसमें अल्मा मातेर ने टास जीत कर पहले बैटिंग का फैसला किया. लेकिन पूरी टीम 17.3 ओवर में 124 रन बना कर आउट हो गई. इस स्कोर में सर्वाधिक 68 रन का योगदान ऋषि सागर ने दिया.